कोलकाता
मवार, 19 जनवरी, 2015
माघ कृष्ण 14 संवत 2071
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3
नगर
www.prabhatkhabar.com

हिंदी अखबारों में बेहतर विकल्प
प्रभात खबर
अखबार नहीं आंदोलन

डीपीएस (जोका) का वार्षिकोत्सव



कोलकाता. अब समय आ गया है कि हमारे बच्चे आधुनिक दुनिया के साथ आधुनिक सुविधाओं से संपन्न होकर पढ़ाई करें. मुझे विश्वास है कि तितली की तरह बच्चे आकाश में नये रंगों के साथ नयी उड़ान भरेंगे और देश को गौरवान्वित करेंगे. हर माता-पिता की तरह मुझे भी इच्छा होती है कि मैं अपने बच्चों के नाम से जाना जाऊं. ये बातें राज्य के शहरी विकास मामलों के मंत्री फिरहाद हकीम ने दिल्ली पब्लिक स्कूल (जोका) साउथ कोलकाता की ओर से विद्यालय प्रांगण में आयोजित वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में कहीं. समारोह की सम्मानित अतिथि विधानसभा की उपाध्यक्ष सोनाली गुहा ने कहा : बच्चे स्कूल आयेंगे, पढ़ेंगे, तो देश आगे बढ़ेगा. मुझे उम्मीद है कि डीपीएस के बच्चे देश को गौरवान्वित करेंगे. राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शिक्षा में काम करने वाले लोगों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है. विद्या भारती फाउंडेशन के अध्यक्ष रामबिलास अग्रवाल ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया. इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्रों को अतिथि सहित संस्था के पदाधिकारी कमलेश अग्रवाल, बेला अग्रवाल, स्निग्धा अग्रवाल, रामनरेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, एसपी दास, के नायक आदि ने सम्मानित किया. विद्यालय की प्रधानाचार्य ऋतुपर्णा चटर्जी ने कहा कि उनके अंदर भी प्रकाश है, उसे भूलने की जरूरत नहीं है. घर और विद्यालय के वातावरण से बच्चों के भीतर का भय दूर होता है और उनका सर्वांगीण विकास होता है. इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया.